स्पुतनिक-वी वैक्सीन

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2021 को **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी** ने देहरादून स्थित **ग्राफिक एरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज** द्वारा शुरू की गई स्पुतनिक-वी टीकाकरण सेवा का उद्घाटन करते हुए **राज्य में पहली बार** स्पुतनिक-वी वैक्सीन को लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- लॉन्च कार्यक्रम में कुल 100 लोगों को स्पुतनिक-वी वैक्सीन दी गई। ग्राफिक एरा ग्रुप के मुख्य संरक्षक आरसी घनशाला ने स्पुतनिक-वी वैक्सीन की पहली डोज ली।
- ग्राफिक एरा अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पटेल ने कहा कि स्पुतनिक-वी वैक्सीन को कोविड-19 के खिलाफ 95 प्रतिशत प्रभावी घोषित किया गया है और डेल्टा संस्करण के मामले में यह टीका लगभग 83 प्रतिशत प्रभावी माना जाता है।
- कोविन ऐप पर पंजीकरण के बाद कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर ग्राफिक एरा अस्पताल में स्पुतनिक-वी का टीका लगवा सकता है।
- राज्य के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य में **बागेश्वर शत-प्रतिशत टीकाकरण प्राप्त करने वाला पहला ज़िला**, जबकि **खिर्सू पहली खुराक का शत-प्रतिशत टीकाकरण प्राप्त करने वाला पहला ब्लॉक** बन गया है।
- गौरतलब है कि उत्तराखंड में अब तक 58 लाख से अधिक लोगों को कोविड-19 टीकाकरण की पहली खुराक मिल चुकी है, जबकि दोनों खुराक प्राप्त करने वालों की संख्या 18 लाख से अधिक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sputnik-v-vaccine-2